प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 03.02.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने युवाओं से राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को निष्क्रिय करने की अपील की है।
- राज्य के सभी स्कूलों में आज सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन।
- प्रयागराज में बसंत पंचमी के अवसर पर महाकुंभ का तीसरा अमृत स्नान जारी ।
- प्रदेश में नये पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में बदलाव– तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

-----------------

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने युवाओं से राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को निक्रिय करने की अपील करते हुए कहा कि देश में लाखों अवैध प्रवासी नहीं रह सकते और चुनावी राजनीति को प्रभावित नहीं होने दिया जा सकता। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद में बार–बार होने वाले व्यवधानों पर चिंता जताई। नई दिल्ली में कल इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया–आईसीएआई द्वारा आयोजित वर्ल्ड फोरम ऑफ अकाउंटेंट्स सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं को अस्तित्व संबंधित चुनौतियों के बारे में चिंतित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग और संस्थाएं देश की विकास यात्रा से खुश नहीं हैं। उपराष्ट्रपति ने इस बात पर भी जोर दिया कि आर्थिक राष्ट्रवाद की भावना को आत्मसात करने की जरूरत है, क्योंकि ऐसा दृष्टिकोण भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए लाभकारी होगा।

-----------------

विधानसभा की कार्यवाही आज सुबह 11 बजे प्रश्नकाल के साथ शुरू होगी। सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग कार्य सलाहकार समिति का प्रतिवेदन सदन में प्रस्तुत करेंगे। उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा परिवहन और सड़क सुरक्षा विभाग की चार अधिसूचनाएं और राजस्थान रोडवेज के लेखाओं पर महालेखाकार की रिपोर्ट सदन के पटल पर रखेंगे। चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर गृह विभाग की 12 अधिसूचनाएं तथा मानवाधिकार आयोग की वार्षिक प्रतिवेदन और लेखा रिपोर्ट सदन में प्रस्तुत करेंगे। वहीं सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत विशेष योग्यजन आयुक्तालय का वार्षिक प्रतिवेदन सदन के पटल पर रखेंगे। इसके अलावा, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 'राजस्थान विधि विरुद्ध धर्म–संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक, 2025' सदन में प्रस्तुत करेंगे।

-----------------

राज्य के सभी स्कूलों में आज सामूहिक सूर्य नमस्कार किया जाएगा। इसके जरिये भारतीय पारम्परिक योग प्रणाली द्वारा स्वस्थ जीवन जीने का संदेश दिया जायेगा। इसके लिए स्कूलों में विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास भी करवाया गया है। शिक्षा विभाग के अनुसार ये आयोजन सभी सरकारी और निजी स्कूलों में होगा। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर जयपुर में एसएमएस स्टेडियम के फुटबॉल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सूर्य नमस्कार करेंगे। गौरतलब है कि पिछले साल एक करोड़ तैंतीस लाख विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार कर रिकॉर्ड बनाया था। इस बार ये रिकॉर्ड तोडने का प्रयास किया जायेगा। प्रदेश के सभी जिलों में सूर्य नमस्कार को लेकर स्कूलों में व्यापक तैयारियां की गई है। बाडमेर जिले में भी स्कूल प्रशासन ने तमाम इंतजाम कर लिये है।
बाडमेर के डिंडावा गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के अध्यापक हनुमान राम डउकिया ने सूर्य नमस्कार के लाभ बताए।

-----------------

प्रदेश में कल आयोजित हुई आरएएस परीक्षा प्रारम्भिक 2024 की मॉडल उत्तर कुंजी राजस्थान लोक सेवा आयोग ने जारी कर दी है। आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि इस मॉडल उत्तर कुंजी पर आपत्तियां आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर पांच फरवरी रात बारह बजे तक ऑनलाइन दर्ज करवाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि आपत्तियां आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध मॉडल प्रश्न पत्र के क्रमानुसार ही दर्ज करानी होंगी। परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों के अलावा यदि कोई अन्य व्यक्ति आपत्ति दर्ज करवाते हैं तो उन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

-----------------

समाचार महाकुंभ से –

प्रयागराज में बसंत पंचमी के अवसर पर महाकुंभ का तीसरा अमृत स्नान जारी है। यह स्नान महाकुंभ मेले का सबसे महत्वपूर्ण और पवित्र अनुष्ठान है। इससे पहले दो अमृत स्नान 14 जनवरी मकर संक्रांति और 29 जनवरी मौनी अमावस्या को हुए थे। अमृत स्नान के मौके पर श्रद्धालुओं की भारी आवक को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अर्धसैनिक बलों सहित 50 हजार से अधिक पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। महाकुंभ के मेला क्षेत्र को नो व्हीकल और नो वीआईपी जोन घोषित किया गया है। रेल्वे ने विभिन्न स्टेशनों से चार सौ महाकुंभ विशेष रेलगाडियां चलाई है। जयपुर से प्रयागराज के लिए महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेन गुरूवार को चलेगी। रेल्वे ने प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में बढ रहे यात्रियों को देखते हुए जयपुर से धनबाद के बीच मेला स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ये ट्रेन 6 फरवरी को जयपुर से सुबह 5 बजकर 5 मिनट पर रवाना होकर अगले दिन सुबह 7 बजकर 45 मिनट पर धनबाद पंहुचेगी। प्रयागराज जंक्शन सहित आठ अन्य रेलवे स्टेशनों पर चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ से लेस मेडिकल बूथ भी बनाए गये हैं।

-----------------

भगवान देवनारायण के जन्मोत्सव पर प्रदेशभर में आज विभिन्न आयोजन हो रहे है। भीलवाड़ा के आसींद में स्थित भगवान देवनारायण की जन्मस्थली मालासेरी पर विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। भगवान श्री देवनारायण का विशेष श्रृंगार किया गया है। यहां चल रहे पांच दिवसीय यज्ञ में आज

पूर्णाहुति की दी जाएगी। श्रद्धालुओं की आवक को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने विशेष व्यवस्थाएं की है।

..................

इधर राजधानी जयपुर के बिड़ला सभागार में भगवान देवनारायण के जन्मोत्सव को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, मंत्री अविनाश गहलोत और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के साथ कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। समारोह में भगवान देवनारायण के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया जायेगा।

..................

जैसलमेर में आयोजित होने वाले विश्व प्रसिद्ध मरू महोत्सव की तैयारियां जोर शोर से जारी है। 9 फरवरी से शुरू होने वाले महोत्सव का थीम **"जोली जॉयफुल जैसलमेर"** रखी गयी है। चार दिवसीय महोत्सव का आगाज पोकरण से होगा। हमारे जैसलमेर संवाददाता ने बताया कि आयोजन में लोक कलाकारों के साथ साथ सूफी संगीत, पंजाबी गीत संगीत, कबीर कैफे बैंड और लोक कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

..................

प्रदेश में नये पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिल रहा है। कई शहरों में हल्के बादल छाये हुए है और हवाएं चल रही है। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। सीकर के फतेहपुर मे ंआज न्यूनतम तापमान गिरकर 4 दशमलव 5 डिग्री सैल्सियस पर पहुंच गया। विक्षोभ के असर से आज और कल राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि एक के बाद एक दो पश्चिम विक्षोभ प्रदेश में सक्रिय हो रहे है। इनके प्रभाव से प्रदेश का मौसम बदल रहा है। उन्होंने बताया कि पांच फरवरी से तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है।

..................